# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट कोतवाली फर्रूखाबाद

### दिनांक :- 20.06.2024

**कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस टीम द्वारा सट्टे की खाई बाडी करने वाले 03 नफर अभियुक्तगण को 3,02,310/- रूपये नगद व अन्य सट्टा सामग्री, 03 अदद मोबाइल एन्ड्राईड, व 02 तमन्चा व 4 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक **डा0 संजय सिंह** व क्षेत्राधिकारी नगर **श्री प्रदीप कुमार** के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम 03 नफर अभियुक्तगण 1. इकलाख अली उर्फ चौधरी पुत्र अख्तयार अली निवासी मोहल्ला जंगबाग पानी की टंकी के सामने कोतवाली फर्रुखाबाद 2. आफताब खान पुत्र सरवर निवासी खटकपुरा सिद्दकी कोतवाली फर्रुखाबाद 3. वसीम खान पुत्र जहांगीर मिस्त्री निवासी खंडजा कोतवाली फर्रुखाबाद को मय माल मुकदमाती सट्टे की खाई बाडी से अर्जित किये गये कुल 04 सट्टा पर्चिया, 02 अदद पेन, 03 अदद सट्टा रजिस्टर व 09 अदद मोबाईल स्क्रीनशार्ट, 03 अदद मोबाइल एन्ड्राईड, व 302310/- रूपये नगद व दो तमन्चा 315 बोर व 4 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया तथा शानू पुत्र अज्ञात नि0 मोहल्ला खटकपुरा कोतवाली फर्रुखाबाद घटनास्थल से भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।



## अभियुक्त मनीश कटियार का आपराधिक इतिहास:-

1. मु0अ0सं0 104/2024 धारा 302/504/506 भादवि थाना जहानगंज जनपद फतेहगढ़।
2. मु0अ0सं0 320/14 धारा 323/504/506/324 भादवि थाना जहानगंज जनपद फतेहगढ़।

## गिरफ्तार करने वाली थाना जहानगंज पुलिस टीम:-

1. श्री भोलेन्द्र चतुर्वेदी प्रभारी निरीक्षक थाना जहानगंज
2. का. अंकित कुमार
3. का. निरकार सिंह

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**

# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट थाना जहानगंज

**दिनांक :- 20.06.2024**

**थाना जहानगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं- 104/24 धारा- 302/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त मनीश कटियार पुत्र सुग्रीव कटियार निवासी अहमदपुर देवरिया थाना जहानगंज को हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल सहित गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर श्री जोगेन्द्र सिंह के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, **श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक श्री डॉ0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद** श्री अरुण कुमार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 19.06.2024 को थाना जहानगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 104/24 धारा- 302/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त मनीश कटियार पुत्र सुग्रीव कटियार निवासी अहमदपुर देवरिया थाना जहानगंज को दानमण्डी तिराहे से समय करीब 16.50 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद फावड़े का बैट बरामद कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।



## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

1. मनीश कटियार पुत्र सुग्रीव कटियार निवासी ग्राम अहमदपुर देवरिया थाना जहानगंज उम्र करीब 27 वर्ष

**घटना का संक्षिप्त विवरण**:- वादिनी श्रीमती आरती पत्नी स्व0 सुरजीत निवासी ग्राम अहमदपुर देवरिया थाना जहानगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा दिनांक 15.06.2024 को थाना जहानगंज उपस्थित आकर, बावत अभियुक्त द्वारा वादिया के पति सुरजीत के साथ आलू बेचने की बात को लेकर हुये विवाद के दौरान गाली गलौज करना तथा जान से मारने की नियत से फावड़े के बैट से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर बेहोश कर देना तथा जब वादिया तथा उनकी पुत्री व पुत्र बचाने गये तो उनको भी जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे थाना जहानगंज पर मु0अ0सं-104/24 धारा- 308/323/504/504 भादवि पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री स्वदेश कुमार द्वारा की गई। मुकदमा पंजीकरण पश्चात मजरुब सुरजीत की दिनांक -15.06.2024 को दौराने इलाज मृत्यु हो जाने के फलस्वरुप व अन्य हासिला साक्ष्य से अभियोग में धारा-302 भादवि की वृद्धि करते हुए विवेचना प्रभारी निरीक्षक जहानगंज द्वारा ग्रहण की गयी। दिनांक 19.06.2024 को मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त मनीश कटियार पुत्र सुग्रीव कटियार को समय करीब 16.50 बजे दानमण्डी तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल फावडे का बैट बरामद करते हुए अभियुक्त मनीश के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** पूछताछ के दौरान अभियुक्त मनीश उपरोक्त ने बताया कि मेरे पिता ने सूरजमुखी कोल्ड स्टोर कुआरापुर में आलू डाले थे कोल्ड के मालिक महेन्द्र कटियार है। मैंने अपने पिता के आलू चोरी से बेच लिये थे यह बात मैंने अपने ताऊ सुरजीत को बतायी थी कि मेरे पिता सुग्रीव को यह बात न बताना लेकिन वो नही माने इसी कारण मैंने दिनांक 13.06.2024 को 11.00 बजे दिन में ताऊ सुरजीत के घर पर गया मेरे ताऊ सुरजीत घर के बाहर चारपाई पर लेटे थे मैंने गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से आवेश में आकर हाथ में पकड़े फावड़े के बैट से ताऊ सुरजीत के सिर पर 4-5 बार जोर-जोर से बैट से प्रहार किये जब ताऊ सुरजीत के कान व मुंह से खून निकलने लगा तो मैं मौके से फाबड़े का बैट लेकर भाग गया था मैंने भागते समय बैट को अमर सिंह के खेत में गूलर के पेड़ के पास पड़ी लकड़ियाँ व खरपतवार में छिपा दिया था जो आपको बरामद करा दिया है मेरी पहले भी ताऊ सुरजीत से लड़ाई हो चुकी है जिसका मुकदमा चल रहा है इसलिये मैने उन्हे मार डाला है।

## बरामदगी का विवरण:-

1. 01 फावडे का बैट (घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल)

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-

1. इकलाख अली उर्फ चौधरी पुत्र अख्तयार अली निवासी मोहल्ला जंगबाग जनपद फतेहगढ़।
2. आफताब खान पुत्र सरवर निवासी खटकपुरा सिद्दकी कोतवाली फर्रूखाबाद जनपद फतेहगढ़।
3. वसीम खान पुत्र जहांगीर मिस्त्री निवासी खंडजा कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ़।

**पूछतांछ का विवरण:-** अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि पर्ची द्वारा सट्टा की खाई बाडी करते है तथा फोन द्वारा या पर्चा पर लोग सट्टा लगा देते है और पैसा कमाते हैं।

## बरामदगी का विवरण :-

1. कुल 302310/- रूपये नगद
2. 04 सट्टा पर्चिया
3. 02 अदद पेन
4. 03 अदद सट्टा रजिस्टर
5. 09 अदद मोबाइल स्क्रीनशार्ट कीपैड फोन
6. 03 अदद एड्रायड मोबाइल बरामद
7. 02 अदद तमंचा व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

## अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास:-

1. मु0अ0सं0 121/24 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट

## गिरफ्तार/बरामद करने वाली कोतवाली फर्रूखाबाद पुलिस टीम :-

1. प्रदीप सिंह क्षेत्राधिकारी नगर
2. जयप्रकाश शर्मा प्रभारी कोतवाली फर्रुखाबाद
3. उ0नि0 राहुल कुमार प्रभारी चौकी नखास
4. हे0का0 सुनील कुमार
5. का0 योगेन्द्र कुमार
6. का0 कन्हैयालाल
7. का0 विजय कुमार
8. का0 विजय कुमार
9. म0का0 निधि वाजपेई
10. म0का0 पूनम बघेल
11. का0 मनोज कुमार
12. का0 अंकित पवांर
13. का0 रामकुमार
14. का0 सोभित दलाल

## गिरफ्तार/बरामद करने वाली सर्विलांस टीम:-

1. उ0नि0 श्री विशेष कुमार प्रभारी सर्विलांस मय टीम।

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**


GPS
Pilkhana, Uttar Pradesh, India
Unasi, Uttar Pradesh, India




GPS Map Camera
Katrauli Patti, Uttar Pradesh, India


GPS Map Camera
Mohammadabad, Uttar Pradesh


GPS Map Camera
Kaimganj, Uttar Pradesh, India


GPS Map Camera
Kampil, Uttar Pradesh, India



